*This Question Paper contains 16 printed pages.*
***(Part - A & Part - B)***

Sl.No. 0602535

| |
|---|
| પ્રશ્ન પેપરનો સેટ નંબર જેની સામેનું વર્તુળ OMR શીટમાં ઘટ્ટ કરવાનું રહે છે. |
| **Set No. of Question Paper, circle against which is to be darken in OMR sheet.** |
| **06** |

# 14 (H)

**(MARCH, 2019)**

**(New Course)**

**Part - A : Time : 1 Hour / Marks : 50**
**Part - B : Time : 2 Hours / Marks : 50**

## (Part - A)

***Time : 1 Hour]*** ***[Maximum Marks : 50***

**सूचनाएँ :**

1) इस प्रश्न पत्र में Part - A में वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 50 प्रश्न है। सभी प्रश्न अनिवार्य है।

2) प्रश्नों की क्रम संख्या 1 से 50 है। हरेक प्रश्न का गुण 1 है।

3) प्रश्न पुस्तिका को अच्छी तरह पढ़ना और सही विकल्प को लिखना।

4) आपको अलग से दिए गये O.M.R पत्रक में प्रश्नों के सामने (A) O, (B) O, (C) O और (D) O दिए गये है। जिस प्रश्न का उत्तर सही हो उस विकल्प के गोलाकार को पेन से पूर्ण गाढ़ा (●) करना होगा।

5) दिए गये प्रश्नपत्र में उपर दाहिनी ओर प्रश्नपत्र सेट नंबर को O.M.R. शीट में उपलब्ध कॉलम में लिखिए।

---

1) 'अरे, वह तो नदीवाली कोठरी में पड़ा है।' – यह वाक्य कौन बोलता है?

(A) नंदन

(B) कुन्दन

(C) मालती

(D) बिन्दु

2) सदानंद के कहने पर शादीराम ने पत्रिकाओं के चित्रों का क्या किया?

(A) बेच दिए

(B) बच्चों को बाँट दिये

(C) अलबम बनाया

(D) दीवारों पर सजा दिये

For More Papers Visit VisionPapers.in

3) 'जीने की कला' पाठ का साहित्य प्रकार कौन–सा है?

(A) कहानी

(B) उपन्यास अंश

(C) आत्मकथा अंश

(D) निबंध

4) ऊर्जा कभी नष्ट नहीं होती पर उसका ............. परिवर्तित किया जा सकता है।

(A) वेग

(B) रंग

(C) स्वरूप

(D) तत्त्व

5) अविनाश ने गोपी को किसकी कविता समझाने का वादा किया था?

(A) पंतजी की

(B) प्रसाद की

(C) निराला की

(D) महादेवी की

6) अमीर धन कैसे कमाता है?

(A) बड़े आराम से

(B) बड़ी मेहनत से

(C) नेकी रखकर

(D) दुसरों को उल्लु बनाकर

For More Papers Visit VisionPapers.in

7) अपशब्दों के उपयोग पर अविनाश का प्रतिबंध है – यह वाक्य कौन बोलता है?

(A) निमेष

(B) नरेश

(C) रमेश

(D) गोपी

8) हरिणशावक इनमें से किसके बाणों से घायल हुआ था?

(A) कालिदास

(B) मल्लिका

(C) दन्तुल

(D) अम्बिका

9) पर्यायवाची शब्द की सही जोड़ बताइए –

(A) तोता – शुक

(B) अभिलाषा – परिभाषा

(C) जीवन – मृत्यु

(D) वन – रेगिस्तान

10) 'प्रशंसा' शब्द का गलत पर्यायवाची शब्द बताइए।

(A) तारीफ

(B) बखान

(C) बडाई

(D) प्रशासन

VisionPapers.in

For More Papers Visit VisionPapers.in

11) निम्नलिखित में से कौन–सी संधि गलत है?

(A) अध्ययन – अधि + अयन

(B) पुरूषोतम – पुरूषो + तम

(C) महोत्सव – महा + उत्सव

(D) रक्षार्थ – रक्षा + अर्थ

12) 'बेईमान' – शब्द का विलोम शब्द .......................।

(A) ईमानदारी

(B) बेईमानी

(C) ईमानदार

(D) श्रीमान

13) 'मुस्कराना' – शब्द की भाववाचक संज्ञा बताइए।

(A) मुस्करापन

(B) मुस्कराहट

(C) मुस्कराई

(D) मुस्करता

14) 'नवग्रह' – शब्द समास का प्रकार बताइए।

(A) तत्पुरूष समास

(B) बहुव्रीहि समास

(C) कर्मधारय समास

(D) द्विगु समास

15) 'सदैव' – शब्द का उचित संधि विग्रह कीजिए।

(A) सदा + एव

(B) स + दैव

(C) सदै + व

(D) सदा + ऐव

For More Papers Visit VisionPapers.in

16) 'विद्या ही जिसका अर्थ है' – शब्द समूह के लिए एक शब्द लिखिए।

(A) शिक्षक

(B) विद्यार्थी

(C) शिक्षा

(D) विद्वान

17) 'विलोम' – शब्द की सही जोड बताईए।

(A) क्षुधा – सुधा

(B) क्रोध – कोप

(C) धीरज – धैर्य

(D) ईच्छा – अनिच्छा

18) 'जहाँ घटना घटी है वह जगह' – शब्द समूह के लिए एक शब्द दीजिए।

(A) घटनास्थल

(B) अघटित

(C) घटनाक्रम

(D) दुर्घटना

19) 'दंग रह जाना' मुहावरें का सही अर्थ ..................।

(A) हौंश खो बैठना

(B) अचानक नजर आना

(C) आश्चर्यचकित होना

(D) समझ में न आना

20) निम्न में से कौन–से मुहावरे का अर्थ 'बहुत गुस्सा आना' – होता है।

(A) आग लगना

(B) आग उँगकना

(C) धुआँ–पुआँ हो जाना

(D) आग बबूला हो जाना

For More Papers Visit VisionPapers.in

21) कर्तृवाचक की सही जोड़ बताइए।

(A) रक्षा – रक्षक

(B) रक्षा – रक्षाकार

(C) रक्षा – रक्षावन

(D) रक्षा–रक्षित

22) 'चित्र' – शब्द की कर्तृवाचक संज्ञा बताइए।

(A) चित्रकर्ता

(B) चित्रकार

(C) चित्रहार

(D) चित्रक

23) 'ख़रहे की उम्र अभी लंबी थी' – इस पंक्ति में भाववाचक संज्ञा बताइए।

(A) ख़रहा

(B) ऊम्र

(C) अभी

(D) लंबी

24) 'अल्पज्ञानी अधिक ज्ञानी होने का स्वांग करता है।' – किस कहावत का सही अर्थ है?

(A) ऊँची दुकान, फिके पक़वान।

(B) करेला और नीम चढ़ा।

(C) दिन दुगनी, रात चौगुनी।

(D) अधजल गगरी, छलकत जाय।

25) 'दिन दुगनी, रात चौगुनी' – कहावत का सही अर्थ ......................।

(A) दिन में आँधी

(B) तेजी से उन्नति करना

(C) बहुत जल्द

(D) अविरत कार्य

26) 'शरीर' शब्द का विशेषण होगा।

(A) शरीरत्व

(B) शरीरम्

(C) शारीरिक

(D) शरीर

For More Papers Visit VisionPapers.in

27) निम्न में से विशेषण की सही जोड़ चुनिए –

(A) स्वार्थी – नि: स्वार्थ

(B) स्वार्थ – स्वार्थी

(C) ग्लानि – दुःख

(D) पहाड – पर्वत

28) 'राजपुरूष' समास का भेद बताइए।

(A) तत्पुरूष समास

(B) कर्मधारय समास

(C) अव्ययीभाव समास

(D) द्विगु समास

VisionPapers.in

29) प्रभुजी बादल है तो भक्त क्या है?

(A) पानी

(B) बिजली

(C) मोर

(D) बरसात

30) 'कलधीत के धाम' – शब्द का अर्थ क्या होता है?

(A) काली यमुना नदी

(B) सोने के राजमहल

(C) चाँदी का राजमहल

(D) कृष्ण का राजमहल

For More Papers Visit VisionPapers.in

31) तोते ने अपने जीवन का अंत कब मान लिया था?

(A) दश शतक बाद

(B) सुखे तरू के अंत के साथ ही

(C) पाँच साल बाद

(D) सुखे तरू के गिर जाने के बाद

32) साधु अपना पाप से भरा घड़ा कहाँ आकर फोडता है?

(A) हरिद्वार

(B) मथुरा

(C) काशी

(D) पटना

33) सुमित्रानंदन पंत को 'चिंदबरा' काव्यसंग्रह पर कौन सा पुरस्कार मिला था? –

(A) साहित्य अकादमी

(B) ज्ञानपीठ पुरस्कार

(C) सोवियेत भूमि नेहरू

(D) समर्थ शिल्पी

34) किसकी कृपा से मीरा ने 'राम रतन धन' पाया है?

(A) अपने पिता की

(B) पति की

(C) भगवान की

(D) सद्गुरू की

For More Papers Visit VisionPapers.in

35) कृष्ण ने किस ग्रंथ की रचना की है?

(A) महाभारत

(B) भगवद्गीता

(C) रामायण

(D) श्रीमद् पुराण

36) लोमड़ी क्यां देख रही थी?

(A) कुत्ते का ख़रहे के पीछे भागना

(B) कुत्ते का दौड़ में ख़रहे से हार जाना

(C) कुत्ते का बीहड़ वन में छिप जाना

(D) कुत्ते का वापस जाना

VisionPapers.in

37) भारतवर्ष से हमारा ................. लहराना सीखा।

(A) जलधि

(B) हवा

(C) नदी

(D) पेड़ो

38) 'मेघा का गायन करते है' – रेखांकित शब्द का सही अर्थ बताइए:

(A) बादल

(B) बुद्धि

(C) बारिश

(D) मेघधनुष्य

For More Papers Visit VisionPapers.in

39) 'अमरनाथ' की राहों में ............... की बाँहो में।

(A) देवदास

(B) देवदारू

(C) शेषनाग

(D) स्वरलहरी

40) जनशक्ति की चेतना द्वारा भारत में ............. लाना चाहिए।

(A) परिवर्तन

(B) महाक्राँति

(C) नवचेतना

(D) नवयुग

41) भूख से लड़ता हुआ प्राणी कवि को कैसा दिखता है?

(A) भयंकर

(B) अजीब

(C) सुंदर

(D) गंदा

42) तोता उस पेड़ को अपना क्या मानता था?

(A) माता-पिता

(B) बड़ा भाई

(C) हमसफर

(D) सच्चा साथी

For More Papers Visit VisionPapers.in

43) 'भारतवर्ष हमारा है।' इस काव्य के कवि कौन हैं?

(A) सुमित्रानंदन पंत

(B) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

(C) वीरेन्द्र मिश्र

(D) सर्वेश्वर दयाल सकसेना

44) बूढ़ी काकी को पत्तलों पर से जूठी पूड़ी के टुकड़े खाता देखकर कौन सन्न रह गया?

(A) रूपा

(B) बुधिराम

(C) लाडली

(D) श्यामा

45) बुढ़ापा ................. रोग का अंतिम समय है।

(A) तृष्णा

(B) क्षुधा

(C) अनुराग

(D) तृषा

46) आदमी ज्यादा धार्मिक, फिलासाफर और सदाचारी लगता है, ऐसा लोग कब समझते हैं?

(A) जब वह पवित्र हो।

(B) जब वह प्रसन्न हो।

(C) जब वह धर्म की बातें करता हो।

(D) जब वह बुझेदिल हो।

For More Papers Visit VisionPapers.in

47) प्रोफेसर रामिश का ड्रीम प्रोजेक्ट क्या था?

(A) दवाइयाँ बनाना

(B) कैन्सर का टीका ढूँढ़ना

(C) मानव प्रक्षेपण यंत्र बनाना

(D) कृत्रिम मनुष्य बनाना

48) मेरी वेश–भूषा ही उस बात का परिचय देती है कि मैं यहाँ का निवासी नहीं हूँ। यह कौन किससे कहता है?

(A) कालीदास – दन्तुल से

(B) दन्तुल – कालीदास से

(C) मल्लिका – दन्तुल से

(D) दन्तुल – मल्लिका से

49) रामप्रसाद बिस्मिल के गुरू कौन थे?

(A) श्री रामदेव

(B) श्री वामदेव

(C) श्री सोमदेव

(D) श्री बलदेव

50) टेल्को (टाटा) कंपनी का विज्ञापन किस पद के लिए था?

(A) इंजीनियर पद के लिए

(B) मेकॅनीक पद के लिए

(C) मॅनेजर पद के लिए

(D) सिविल इंजीनियरिंग पद के लिए

For More Papers Visit VisionPapers.in

# 14 (H)

(MARCH, 2019)

(New Course)

## (Part - B)

*Time : 2 Hours]* *[Maximum Marks : 50*

**सूचनाएँ :**

1) हस्तलेखन को स्पष्ट लिखिए।
2) प्रश्नपत्र के Part - B में चार विभाग है और कुल 1 से 18 प्रश्न है।
3) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। आंतरिक विकल्प दिये गये है।
4) दाहिनी ओर प्रश्न के अंक दिये गए है।
5) नया विभाग नये पन्ने पर लिखिए।
6) प्रश्नों का जवाब क्रमानुसार दीजिये।

VisionPapers.in

### विभाग- A

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** [4]

1) श्रीकृष्ण को रिझाने के लिए गोपी क्या-क्या करना चाहती है?

2) कश्मीर की सुबह किस तरह होती है?

अथवा

'साधूपदेश' काव्य में काका हाथरसी ने किस पर व्यंग्य किया है?

■ **निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए :** [3]

3) 'हिन्दुस्तान हमारा है' - स्वरधारा किसकी और कब से है?

अथवा

'हे जन शक्ति महान' गीत के माध्यम से कवि ने जनमानस को क्या संदेश दिया है?

For More Papers Visit VisionPapers.in

■ **निम्नलिखित आशय स्पष्ट कीजिए :** [3]

4) सत् की नाव खेवटिया सतगुरू भव सागर तरि आयौ।

अथवा

वह वसुधैव बना कुटुंबकम्।

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** [4]

5) आज वास्तविक धन कौन-कौन से गुण में है? क्यों?

6) बिन्दु ने अपने दोष का किस प्रकार पश्चताप किया?

अथवा

कालिदास दन्तुल को अपराधी न मानने के लिए क्या तर्क देता है?

■ **निम्नलिखित प्रश्न का चार-पाँच वाक्यों में उत्तर लिखिए :** [3]

7) खाने के बारे में बूढ़ी काकी के मन में कैसे-कैसे मंसूबे बंधे?

अथवा

हम बुझे हुए दिल और सूखे हुए चेहरे के साथ कहाँ स्थान नहीं प्राप्त कर सकते?

■ **निम्नलिखित कथनों का आशय स्पष्ट कीजिए :** [3]

8) कविता आत्मा की कला है, संवेदना का सौंदर्य।

अथवा

'धन सुख का जादुगर भी है और शांति का डकैत भी।'

VisionPapers.in

For More Papers Visit VisionPapers.in

## विभाग - B

निम्नानुसार पत्र लिखिए : [5]

9) 15, मधुवन निवास, कोलेज रोड, बदौदा से मनोज अहमदाबाद में रहनेवाले अपने मित्र राकेश को बाढ़ पीडितों की दुर्दशा का पत्र लिखता है।

10) 'आकाशवाणी' – पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। [3]

निम्नलिखित विचार–विस्तार स्पष्ट कीजिए। [3]

11) कहते हैं सब शास्त्र कमाओ रोटी जान बचाकर,
पर संकट में प्राण बचाओ, सारी शक्ति लगाकर।

अथवा

मनुष्य यदि उदार बनता है तो देवदूत
और यदि नीच बनता है तो शैतान।

## विभाग - C

परिच्छेद को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : [4]

नारी ईश्वर की देन है और ईश्वर की बेटी है। भगवान के बाद हम स्त्री के ही देनदार हैं। जिंदगी देने के लिए और फिर जिंदगी योग्य बनाने के लिए वह माता के समान हमारी रक्षा करती है तथा मित्र और गुरू के समान हमें शुभ कार्यों के लिए प्रेरित करती है। नारी का त्याग और बलिदान भारतीय संस्कृति की अमूल्य निधि है परंतु ईश्वरीय प्रवृति एवं ईश्वर द्वारा किसी भी नारी से किया गया असामाजिक क्रुर मजाक वह होता है, जब नारी का सर्वेसर्वा मार्गदर्शक उसका भविष्य निर्माता। उसे इस असीम दुनिया में नितांत अकेली – छोडकर अनायास काल – कंवलित हो जाता है। विधवा हो जाने पर उसे जीवन में पर्यत – दुसरों पर आश्रित रहना पडता है तथा संसार की सभी बहारों, रंगीनीयों से उसे वंचित किया जाता है।

संतोष की बात है कि हमारे भारत में कुछ विधवा–विवाह होने लगा है, परंतु – समाज ने इस पद्धति को पूर्ण रूप से स्वीकार नहीं किया है। लोग विधवा को लेने व देने दोनों में ही हिचकिचाते हैं। विधवा–विवाह एक गौरव की बात है, जो समाज की शुद्धता और देशोन्नति के लिए अति आवश्यक है।

12) हम भगवान के बाद किस के देनेदार हैं? और क्यों?

13) नारी के जीवन का सबसे अधिक क्रुर–ईश्वरीय मजाक क्या है?

14) विधवा हो जाने पर नारी की क्या स्थिति होती है?

15) इस परिच्छेद को उचित शीर्षक दीजिए।

For More Papers Visit VisionPapers.in

■ **निम्नलिखित अहवाल लिखिए :** **[3]**

16) अपनी पाठशाला में 'स्वच्छता सप्ताह' मनाया गया। उसके बारे में करीब तीस शब्दों में अपनी भाषा में लिखिए :

## विभाग - D

■ **रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखकर शीर्षक एवं बोध लिखिए :** **[5]**

17) एक गाँव – गाँव के बाहर रास्ते पर एक स्कूल – विद्यार्थीयों का पढ़ने जाना – एक विद्यार्थी का परीक्षा में चोरी करने का इरादा – पढ़ाई में ध्यान न देना – प्रथम परीक्षा में चोरी का मौका न मिलना – अनुत्तीर्ण होना – पछतावा होना – चोरी न करने का संकल्प – पढ़ाई में जुट जाना – अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होना – जीवन धन्य होना – चोरी न करने का ईनाम – बोध।

■ **निम्नलिखित विषय पर 150 शब्दों मे निबंध लिखिए :** **[7]**

18) "देश के प्रति युवकों का कर्तव्य।"

[ प्रस्तावना – युवक ही देश के रक्षक – देश की प्रगति के आधार – राष्ट्र निर्माण में युवकों का योगदान – अन्य कार्य – उपसंहार। ]

अथवा

निरक्षरता – एक अभिशाप

[ निरक्षरता का अर्थ – आज की दुनिया में निरक्षर व्यक्ति की स्थिति – भारत में निरक्षरता – निरक्षरता से देश को हानि – निरक्षरता निवारण के उपाय – निरक्षरता से मुक्त भारत का स्वप्न – उपसंहार। ]

अथवा

विज्ञान : वरदान या अभिशाप

[ प्रास्तविक – अर्वाचीन युग और आज का युग – विज्ञान का युग – बिजली का आविष्कार शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और उद्योग को क्षेत्र में विकास – तकनिकी का जमाना – भौतिक सुविधाएँ – आनंद की जिंदगी – परमाणु बम का आविष्कार – वरदान रूप या अभिशाप रूप – उपसंहार। ]

✈ ✈ ✈

For More Papers Visit VisionPapers.in